[ 17/3/2025]

प्रश्न सं. [ क्र. 730 ]

परिशिष्ट-1

## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

परियोजना कार्यान्वयन इकाई–रतलाम (म.प्र.)

दिनांक 25.02.2025

विषयः लोक निर्माण विभाग (तारांकित प्रश्न क्रमांक 730) श्री वीरसिंह भूमिया।

संदर्भः आपके कार्यालय से ई–मेल द्वारा इस कार्यालय को प्राप्त तारांकित प्रश्न क्र. 730 दिनांक 20.02.2025।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत् लेख है कि, तारांकित प्रश्न क्र. 730 श्री वीरसिंह भूरिया, द्वारा 8 लेन दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे के संबंध में चाही गई जानकारी निम्नानुसार हैः

| स.क्र. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क. | क्या प्रश्नकर्ता के विधानसभा क्षेत्र थांदला (जिला झाबुआ) में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्मित 8 लेन दिल्ली मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माण के दौरान अनस नदी (म.प्र.) पर पुल बनाया गया था। जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों को दाहोद आने जाने की सुविधा प्राप्त थी मार्ग का निर्माण कार्य बंद होने पर ग्रामीणों का निकासी मार्ग बंद क्यों कर दिया गया है? | जी हाँ,<br><br>भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 8 लेन दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे (एन.ई–4) पर अनास नदी (म.प्र.–गुजरात राज्य सीमा) पर 8 लेन पुल का निर्माण किया गया है।<br><br>निर्माण के दौरान अस्थाई रूप से ग्रामीणों को 8 लेन एक्सप्रेसवे का उपयोग करते हुए दाहोद की ओर आने–जाने की सुविधा थी। परन्तु वर्तमान में एक्सप्रेसवे का मध्यप्रदेश में निमार्ण कार्य पूर्ण होने तथा आगे गुजरात राज्य में कार्य निर्माणाधीन होने से रास्ता बंद किया गया है। |
| ख. | यदि हाँ, तो क्या विभाग अनस नदी पर ग्रामीणों की सुविधा के लिये निकासी दी जायेगी अथवा साईड में ग्रामीणों के उपयोगार्थ निकासी मार्ग छोडे जाने की कार्यवाही की जावेगी। | दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे एक्सेस कंट्रोल सड़क होने की वजह से अनास नदी पर पुल पर चलने के लिए ग्रामीणों के लिए प्रवेश/निकासी की सुविधा नहीं है।<br><br>ग्रामीणों की सुविधा हेतु एक्सप्रेसवे के साईड में समानांतर कच्ची सड़क के निर्माण का प्रस्ताव भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। मध्यप्रदेश शासन के साथ कच्ची सड़क के निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता से संबंधित (MoU) समझौता ज्ञापन होने के पश्चात् निर्माण कार्य शुरू किया जा सकेगा। |

भवदीय

Sd/-

परियोजना निदेशक
पकाई–रतलाम(म.प्र.)

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल
18/3/2025